**SL/BSE/NSE/2020** **May 29, 2020**

| The Manager,<br>Listing Department,<br>**National Stock Exchange of India Ltd.,**<br>'Exchange Plaza' C-1 , Block G,<br>Bandra-Kurla Complex, Bandra (E),<br>Mumbai-400 051.<br>Security ID: SUBROS | Dy. General Manager,<br>Department of Corporate Services,<br>**BSE LIMITED**,<br>First Floor, P.J. Towers,<br>Dalal Street, Fort,<br>Mumbai – 400001.<br>Security ID: 517168 |
|---|---|

Dear Sir,

**Sub: Intimation regarding issuance of notice in the Newspaper**

We are enclosing a newspaper notice published pursuant to provision of Section 124 of the Companies Act, 2013 in today's "Financial Express" and in "Jansatta newspaper regarding transfer of Company's equity shares to Investor Education and Protection Fund (IEPF).

We request you to kindly take the same on record.

Thanking you,

Yours faithfully,
For SUBROS LIMITED

X

Rakesh Arora
Company Secretary

# आर्थिक तंगी से परेशान दो प्रवासी मजदूरों ने की खुदकुशी

बांदा (उप्र), 28 मई (भाषा)।

बांदा जिले में कथित रूप से आर्थिक तंगी से परेशान दो प्रवासी मजदूरों ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मटौंध थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) धर्मेंद्र तिवारी ने गुरुवार को बताया कि थाना क्षेत्र के लोहरा गांव के रहने वाले मजदूर सुरेश (22) ने बुधवार को खेत में लगे एक पेड़ से फांसी लगा ली। वह पूर्णबंदी के दौरान में दिल्ली में फंसा था और पांच दिन पूर्व ही अपने गांव लौटा था।

मृत युवक के परिजनों के हवाले से उन्होंने बताया कि दिल्ली से लौटने के बाद उसके पास खर्च के लिए पैसे नहीं थे, जिसके चलते उसने फांसी लगा ली। शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है और घटना की विस्तृत जांच की जा रही है।

ऐसी ही एक अन्य घटना पैलानी थाना क्षेत्र के सिंगन कलां गांव की है। यहां दस दिन पूर्व मुंबई से लौटे प्रवासी मजदूर मनोज (20) ने बुधवार को अपने घर के कमरे में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।

उसके पड़ोसी अभिलाष ने बताया कि मनोज मुंबई में एक निजी कंपनी में गार्ड की नौकरी करता था, लेकिन लॉकडाउन की वजह से कंपनी बंद हो गई, जिससे वह गांव लौट आया था। उसके माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी और वह अकेला था। मुंबई से लौटने के बाद उसके पास राशन आदि भी खरीदने के लिए धन नहीं था।

पैलानी के थाना प्रभारी निरीक्षक बलजीत सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम कराने के बाद ग्रामीणों ने मजदूर मनोज के शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। उन्होंने बताया कि गांव के लोग उसकी आत्महत्या की वजह आर्थिक संकट बता रहे हैं, मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## एकांतवास केंद्र में महिलाओं को निशुल्क सेनेटरी नैपकिन

बलौदा बाजार। छत्तीसगढ़ जिला प्रशासन ने एकांतवास केंद्र में महिलाओं को निशुल्क सेनेटरी नैपकिन देने का फैसला किया है। अधिकारियों ने बताया कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा सात हजार नैपकिन एकांतवास केंद्र में रह रहीं महिलाओं को निशुल्क दिए जाएंगे।

# तेलंगाना में बोरवेल में गिरे तीन साल के बच्चे की मौत

हैदराबाद, 28 मई (भाषा)।

तेलंगाना के मेडक जिले में नए खोदे गए बोरवेल में दुर्घटनावश गिरा तीन साल का बच्चा गुरुवार मृत पाया गया। पुलिस ने बताया कि बच्चे का शव करीब 10 घंटे के बचाव अभियान के बाद तड़के बाहर निकाला जा सका। बचाव अभियान में कई एजेंसियां शामिल थीं।

मेडक के जिला पुलिस अधीक्षक चंदन दीप्ति ने बताया, 'हम उसे निकाल पाते उससे कुछ देर पहले ही उसकी मौत हो गई। इसके पीछे की मुख्य वजह उसका कीचड़ से घिरा होना हो सकता है जिससे ऑक्सीजन उस तक नहीं पहुंच पा रही थी।' पुलिस ने इससे पहले बताया कि जिले के पापन्नापेट मंडल स्थित अपने खेत में बच्चा 120 फुट नीचे बोरवेल में बुधवार शाम पांच बजे दुर्घटनावश गिर गया। उस समय वह अपने दादा और पिता के साथ टहल रहा था।

बचाव अभियान के लिए बोरवेल के समानांतर एक सुरंग खोदी गई और इसमें खुदाई वाली मशीनों का सहारा लिया गया। बोरवेल में ऑक्सीजन की आपूर्ति भी की गई लेकिन ये सभी कोशिशें बेकार हो गईं। बच्चे का शव 25 फुट की गहराई में फंसा हुआ मिला।

पुलिस के अलावा इस अभियान में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के कर्मी भी शामिल थे। पुलिस ने बताया कि मंगलवार रात से परिवार ने खेत में पानी के लिए तीन बोरवेल खोदे थे और जिस बोरवेल में बच्चा गिरा वह इन्हीं में से एक था। हालांकि किसी बोरवेल से पानी नहीं निकला।

# राजस्थान के सभी जिले कोविड-19 की चपेट में

जयपुर, 28 मई (भाषा)।

राजस्थान के सभी 33 जिले अब कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में आ गए हैं। राज्य में इस घातक विषाणु संक्रमण से गुरुवार को छह और लोगों की मौत हो गई। संक्रमण के 131 नए मामले सामने आए हैं।

# मुंबई के होटल में आग, 24 डॉक्टरों को बचाया गया

मुंबई, 28 मई (भाषा)।

दक्षिण मुंबई के एक पांच मंजिला होटल में भयंकर आग लगने के बाद उसमें रह रहे 24 डॉक्टरों और तीन अन्य लोगों को बचाया गया। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बीएमसी ने कोरोना महामारी के कारण शहर में विभिन्न होटलों और लॉज में डॉक्टरों और नर्सों समेत आपात और आवश्यक सेवा के कर्मियों के रहने की अस्थायी व्यवस्था की है। इस होटल में भी ऐसी ही व्यवस्था की गई थी। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बुधवार देर रात होटल फॉर्च्यून में आग लग गई और लगभग तीन घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका।


## नियुक्तियां

**Hemwati Nandan Bahuguna Uttarakhand Medical Education University**

**Advertisement for the Post of Research Officer**

Applications are invited from eligible Indian Citizens for the 02 (Two) post of Research Officer in the pay scale of Rs 56,100 – Rs 1,77,500/- (Level-10). Candidates are required to apply online in the prescribed format through www.hnbumu.ac.in. Minimum Qualification, Experience, other service conditions are as prescribed by the University are available at www.hnbumu.ac.in. Last date of receiving application is 29 June, 2020 upto 5pm.

Registrar

**रेल भूमि विकास प्राधिकरण**

मदुरै में रेलवे कॉलोनी के पुनः विकास हेतु परामर्शदाता के चयन के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी)

www.rlda.indianrailways.gov.in

**केन्द्रीय भण्डारण निगम**

**CONTAINER CORPORATION OF INDIA LTD.**

www.concorindia.co.in

**हडको**

**सुब्रोस लिमिटेड**

सूचना

निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि (आईईपीएफ) प्राधिकरण खाते में कम्पनी के इक्विटी शेयरों का अंतरण

www.subros.com

**रौनक ईपीसी इंटरनेशनल लिमिटेड**

**भारत सीट्स लिमिटेड**

CIN: L34300DL1986PLC023540, WEBSITE: www.bharatseats.com

**P+LYMED पॉलि मेडिक्योर लिमिटेड**

फॉर्म INC-26

**सार्वजनिक सूचना – सम्पत्तियों की नीलामी सह बिक्री**

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 29-05-2020

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी
असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड

**असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड,** सीआईएन : U65999MH2002PLC134884,
www.arcil.co.in




Scanned by TapScanner

